## एक नजर में

### 3 माह से फरार हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना.** जिले की अंबाह थाना पुलिस ने हत्या के मामले में तीन माह से फरार चल रहे तीन आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया. इन आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था. मुखबिर से सूचना मिली थी कि हत्या के आरोपी संदीप सैनी, टिंकू उर्फ धर्मेंद्र और राजबीर सैनी ग्यासिपुरा तिराहे मुरैना रोड पर छिपे हुए हैं. सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया. पुलिस के मुताबिक आरोपी हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पिछले तीन माह से फरार थे और लगातार पुलिस को चकमा दे रहे थे, लेकिन मुखबिर की सटीक सूचना पर उनकी गिरफ्तारी संभव हो सकी.

### पाटी जनपद पंचायत सीईओ पराग पंथी निलंबित

**बड़वानी.** इंदौर संभाग के आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बड़वानी जिले की जनपद पंचायत पाटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पराग पंथी को कर्तव्य में लापरवाही और लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में निलंबित कर दिया है. आयुक्त कार्यालय के अनुसार यह कार्रवाई बड़वानी कलेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर की गई है. रिपोर्ट में पंथी पर सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों में रुचि नहीं लेने और प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं. आदेश में उल्लेख है कि पंथी ने 17 नवंबर 2025 को अवकाश का आवेदन दिया था, जिसके बाद वे 23 फरवरी 2026 से लगातार अनुपस्थित रहे.

### खेत की आग में झुलसकर वृद्ध किसान की मौत

**सतना.** जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के बकोटा गांव में अरहर के खेत में लगी आग बुझाने के प्रयास में एक वृद्ध किसान की जलकर मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार दोपहर खेत में अचानक आग लग गई, जिसे बुझाने के दौरान 80 वर्षीय मुरलिया यादव आग की चपेट में आ गए. बताया गया है कि आग अचानक विकराल रूप लेती हुई आसपास के खेतों में फैल गई. इसी दौरान मुरलिया आग के बीच फंस गए और बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# 10 दिन में शुरू होगी पीएनजी सप्लाई

### एसीएस ने दिए निर्देश



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 अप्रैल. अपर मुख्य सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारी तथा ऑयल कंपनी एवं सीजीडी के अधिकारियों की बैठक ली.**

उन्होंने कहा कि ऐसे हाउसहोल्ड जहां पीएनजी की लाईन कनेक्ट की जा चुकी है, उनको आगामी 10 दिवस के अंदर पीएनजी सप्लाई शुरू करें. ऐसे उपभोक्ताओं को समझाईश भी दी जाये कि यदि उनके द्वारा पीएनजी सप्लाई नहीं ली जाती है, तो भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 3 माह में उनकी एलपीजी सप्लाई बंद की जा सकती है. एसीएस श्रीमती शमी ने गृह विभाग के अधीन आने वाले संस्थाओं/ सुधार गृहों के साथ-साथ पुलिस, सीएपीएफ, डिफेंस इस्टेब्लिशमेंट, ऑफिसर्स कॉलोनी, सामान्य प्रशासन पूल के घरों, पुलिस मुख्यालय, पुलिस कॉलोनी, आदि में जहां से आस-पास पाईपलाईन बिछी हुई है, उनको प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन देने के निर्देश दिये. बैठक में बताया गया कि ऐसे क्षेत्र जहां पाईपलाईन बिछी हुई है, उनके रहवासियों एवं व्यवसायियों की सूची तैयार की जाकर कॉलोनियों में कैम्प लगाने की कार्यवाहीं की जा रही है. जिलों को निर्देश दिये गये कि प्रचार-प्रसार एवं कैम्प लगाने की कार्यवाहीं में स्थानीय निकाय नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों तथा वार्ड पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाये. प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में जहां आस-पास पाईपलाईन गई है, उन क्षेत्रों की औद्योगिक इकाईयों की पहचान की जाकर पीएनजी पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये गये. सीजीडी संस्थाओं के मैन पावर में वृद्धि करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पॉलीटेक्निक आई.टी.आई. एवं अन्य संस्थाओं से प्रशिक्षार्थियों की सूची प्राप्त कर सीजीडी संस्था को उपलब्ध करायी जा रही है, जो उन्हें लघु प्रशिक्षण देने के बाद कार्य में लगायेंगे.

#### कालाबाजारी के विरुद्ध कार्रवाई

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 3226 स्थानों पर जांच की गई, 3961 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई. प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये है.





# मौसम का मिजाज अस्थिर

### 18 जिलों में आंधी-बारिश

**भोपाल, 8 अप्रैल. मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है. प्रदेश के कई हिस्सों में सक्रिय चक्रवाती सिस्टम के कारण आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है. खासकर ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में इसका असर ज्यादा देखा जा रहा है.**

मौसम विभाग के अनुसार, दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है, जबकि ग्वालियर, भिंड, मुरैना, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, कटनी, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर समेत करीब 18 जिलों में अगले 24 घंटों के भीतर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. बुधवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम का असर दिखाई दिया. शिवपुरी, दतिया, धार, पीथमपुर और झाबुआ में अच्छी बारिश दर्ज की गई, वहीं रतलाम में धूल भरी आंधी ने लोगों को परेशान किया. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तेज हवाओं की भी चेतावनी दी है. कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जबकि अन्य जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटा की गति रहने का अनुमान है. यह बदलाव विशेष रूप से दोपहर बाद अधिक प्रभावी रहेगा. मौसम विभाग के मुताबिक 11 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिससे प्रदेश में मौसम का यह अस्थिर पैटर्न जारी रह सकता है. इससे आगे भी बारिश, आंधी और तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है. आमतौर पर अप्रैल-मई में तेज गर्मी पड़ती है, लेकिन इस बार बार-बार सक्रिय हो रहे मौसम तंत्र के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है.

#### बदलते मौसम का असर कृषि पर भी पड़ रहा

इस बदलते मौसम का असर कृषि पर भी पड़ रहा है. हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, पपीता और केला जैसी फसलें प्रभावित हुई हैं. फरवरी और मार्च में भी मौसम कई बार बदला, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा. कुल मिलाकर, अप्रैल की शुरुआत से ही मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज अस्थिर बना हुआ है और आने वाले दिनों में भी इसी तरह की स्थिति बनी रहने की संभावना है.



### स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से मिले सीएम

**भोपाल, 8 अप्रैल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से साकेत वाटिका में सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री ने स्वामी रामभद्राचार्य का शॉल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया. स्वामीजी ने मुख्यमंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया.

## सिंहस्थ 2028 की तैयारी जोरों पर



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 8 अप्रैल. सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में एमपी पुलिस द्वारा उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

पुलिस मुख्यालय के सामुदायिक पुलिसिंग विंग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में पश्चिमी मध्यप्रदेश के 26 जिलों से नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया. कार्यशाला में सामाजिक सहभागिता के माध्यम से जनोन्मुखी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा नवाचारों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया. चर्चा के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कानून-व्यवस्था में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया.

# वृद्धजनों को कराएंगे धार्मिक यात्रा : नारायण

### 16 को विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शिविर

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 अप्रैल. सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि समाज कल्याण के क्षेत्र में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे किया जाए.**

इसमें मैदानी अमले के अनुभव को सुझावों के रूप शामिल करने के लिए 16 अप्रैल को चिंतन शिविर का आयोजन भोपाल में किया जायेगा. सामाजिक न्याय विभाग, वृद्धजन को प्रदेश के धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगा. इसका तिथिवार कार्यक्रम बनाया जाए. यह निर्देश मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए. मंत्री कुशवाहा ने प्रदेश में वृद्धजन, दिव्यांगजन, नशा मुक्ति के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं की कार्यप्रणाली की जांच तथा विभागीय गतिविधियों में कसावट लाने के लिए संभाग स्तर पर बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिये. इस दौरान मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम, नशा मुक्ति केंद्र, डीआरसीसी केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण के किया जाए इसके लिए भोपाल स्तर से विशेष टीम गठित की जाए.



मंत्री कुशवाह ने मंत्रालय में ली समीक्षा बैठक

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली पाक्षे वायंगणकर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में अब केन्द्र और राज्य की भागीदारी60-40 के अनुपात में रखने का निर्णय लिया गया है .वर्तमान प्रदेश में 55 लाख 23 हजार हितग्राहियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 331 करोड़ 38 लाख रूपये की राशि प्रति माह वितरित की जा रही है. मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह और निकाह योजना के तहत 2025-26 में लगभग 60 हजार शादियां कराई गई है.

# हिमंत के बयान के विरोध में किया प्रदर्शन

## खड़गे के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 8 अप्रैल. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( पीसीसी ) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की.**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया. महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की 'अमर्यादित और अपमानजनक' टिप्पणी न केवल एक वरिष्ठ जननेता की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और सम्मानजनक संवाद की संस्कृति पर भी आघात करती है.

उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग संकीर्ण और दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, जो अत्यंत निंदनीय है.

इस अवसर पर महक राणा, रूपाली शर्मा, गीता जाटव, माया विश्वकर्मा, गंगा बिलाला, निधि शर्मा, सरोज गुजरे, लता देवरे, शोभा चाँहदे और गीता चौहान सहित बड़ी संख्या में महिला



**विभागीय आकड़े** केंद्रीय राशि पाने के लिए प्रदेश के विभागों की जार-आजमाइश जारी

# वित्तीय वर्ष बीता, केंद्र से नहीं मिले 31,434 करोड़

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 8 अप्रैल. वित्तीय वर्ष 2025-26 को समाप्त हुए अब 8 दिन हो गए हैं. नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू हो गया है. इस बीच केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के लिए बीते वित्तीय वर्ष में योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए जो राशि देना तय किया था, उसमें से बड़ी राशि अब तक नहीं मिली है.**

बीते वित्तीय वर्ष में मध्यप्रदेश सरकार को केंद्र सरकार से योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए 44355 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि मिलना था, लेकिन वित्त विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश को महज 12921 करोड़ 35 लाख रुपए ही मिले हैं. यानी 31434 करोड़ रुपए की बड़ी राशि अब तक नहीं मिली है, इनमें जल जीवन मिशन की राशि भी शामिल है. अब प्रदेश के विभागों ने केंद्र से राशि मिलने के लिए जोर-आजमाईश का दौर शुरू कर दिया है.

वित्त विभाग ने 31 मार्च तक केंद्र से मिलने वाली राशि का जो ब्यौरा दिया है, वह बेहद चौंकाने वाला है, वहीं विभागों के लिए परेशानी का सबब भी है. केंद्र सरकार से महज 29.13 फीसदी राशि ही मिल सकी है. दरअसल केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा मिलकर संचालित किये जाने वाले योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए दोनों ही सरकार राशि का प्रावधान करती है और फिर उनका आवंटन करती है. ऐसे योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए प्रावधानित राशि में से ज्यादातर राशि मध्यप्रदेश सरकार ने तो जारी कर दी है, लेकिन केंद्र से जो हिस्सा मिलना था, वह अब तक नहीं मिला है. नतीजा अब विभागों को इस राशि के लिए इंतजार करने के साथ ही केंद्र के दरवाजे पर बार-बार दस्तक देना पड़ रहा है और याद दिलाना पड़ रहा है कि उन्हें कितनी राशि दिया जाना है?

➡गृह विभाग को केंद्र सरकार से 61.31 करोड़ रुपए मिलना है, लेकिन अब तक महज 32.81 करोड़ रुपए ही मिल सके हैं. ➡राजस्व विभाग को डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के लिए 50 करोड़ मिलना था, लेकिन अब तक कोई राशि नहीं मिल सकी है. ➡ऊर्जा विभाग को आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार से 1736.33 करोड़ रुपए की बड़ी राशि नहीं मिली है. ➡कृषि विभाग की अलग- अलग योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए केंद्र से 996.34 करोड़ रुपए की राशि मिलना था, लेकिन अब तक महज 39.14 करोड़ रुपए ही मिल सके हैं, बाकी राशि मिलने का इंतजार है. ➡कमोबेश यही स्थिति लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की है. विभाग को अलग- अलग योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए केंद्र से 5181.25 करोड़ रुपए मिलना था, लेकिन अब तक 1557.45 करोड़ रुपए ही मिले हैं. इनमें आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राशि भी शामिल है. ➡नगरीय विकास एवं आवास विभाग की एक दर्जन से अधिक योजनाओं के लिए केंद्र से 1954 करोड़ रुपए के मुकाबले महज 25 लाख रुपए की राशि ही मिल सकी है. यानी यहां भी लगभग शून्य जैसे ही हालात बने हुए हैं.

### 78 लाख से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार के विरुद्ध अपनी कार्रवाई तेज करते हुए विभिन्न जिलों में समन्वित अभियान चलाया है. बीते दो दिनों में 78 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और संबंधित संपत्ति जब्त की गई है, जो तस्करी पर अंकुश लगाने के सतत प्रयासों को दर्शाता है. मंदसौर के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को पकड़कर आयशर वाहन से 10 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है.

**OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD SEMARIA DIST REWA**

Notice Inviting e-Tenders

NIT No.422 Dated: 31.03.2026

Online Iumpsum bids for the following works under ì sbm(u)-2.0î (estimated on uadd issr (w.e.f-02.08.2021 are Invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria.

| Tender ID | Name of work | Probabie amount fo contract (Rs, In Lacs) | Earnest money Deposit (EMD)(In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Time of completion inciuding rainy season |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_496265_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of Semaria town under SBM 2.0 | 333.33 | 166665 | 15000.00 | 12 months |

1.Interested Bidder can view the NIT on website www.mpteders.gov.in and www.mpurban.gov.in. 2. The Bid Document can be purchased only Online from 10:30 Hrs of 01.04.2026 to 17:30 Hrs of 04.05.2026. 3.Amedment to NIT. if any , would be published on web site only,and not in Newspaper. 4. GST shall be payable extra as per GOVT. rules

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PARISHAD SEMARIA
DIST REWA

## पेज एक का शेष

### आज से गेहूं खरीदी शुरू

किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर फैसले लिए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार किसान और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल संवाद के दौरान व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है. गेहूं की प्रति क्विंटल कीमत को वर्तमान स्तर तक लाना बड़ी चुनौती थी, हम इसे 2700 रूपये प्रति क्विंटल तक ले जाएंगे. किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलवाना हमारी प्रतिबद्धता है. हम जनता की सेवा करना चाहते हैं, इसी उद्देश्य से उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी की बेहतर व्यवस्था की गई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किये जा रहे हैं, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं.

मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से संपूर्ण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी. उपार्जन केंद्रों पर पंपलेट और होर्डिंग के द्वारा भी किसानों को व्यवस्था के संबंध में जानकारियां देने के निर्देश दिए गए हैं. वर्ष 2026 से किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को उनके कल्याण तथा हित से जुड़ी शासन की योजनाओं से भी अवगत कराया जाए.

## तीन बिना परमिट मालवाहक वाहन जब्त, कई पर चालानी कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 अप्रैल। स्थानीय नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आरटीओ चेक पॉइंट सिंगरौली ने निवास चौकी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान के दौरान तीन बिना परमिट ओवरलोड मालवाहक वाहनों को जप्त किया गया।**

अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और वैधानिक परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करना रहा। जांच के दौरान विशेष रूप से कोयला, रेत, गिट्टी एवं राखड़ का बिना तिरपाल और ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्ती बरती गई। साथ ही प्रदूषण मानकों, सड़क सुरक्षा नियमों एवं परिवहन अधिनियम का उल्लंघन करने वालों वाहन क्रमांक आरजे 20 जीबी 9885, आरजे14 जीएल 0563 और सीजी 04 एनसी 2255 हैं। इसके अलावा अन्य कई वाहनों के विरुद्ध भी ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई की गई। के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान वाहनों के पीयूसी बीमा, फिटनेस, परमिट, टैक्स एवं अन्य वैध दस्तावेजों का गहन सत्यापन किया गया। यह अभियान शुक्ला मोड़ से झुरई नाला, परसौना से बंधौरा तथा महुआ गांव से निगरी तक चिन्हित संवेदनशील मार्गों पर चलाया गया।

**नाम सुधार**

मैं श्रीमती शंखू आयु 60 वर्ष पति श्री देवशरण यादव निवासी ग्राम बैरिहा तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. की होकर शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम शंखू है जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाते में दर्ज है. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा अन्य घरेलू नाम प्रेमलता यादव हैं. मैंने पोस्ट आफिस सिविल लाइन सतना में एक खाता खोला था जिसका खाता क्रमांक 2924467136 है. उक्त खाते में मेरा घरेलू नाम प्रेमलता यादव लिखा है. प्रेमलता यादव शंखू दोनों ही नाम मेरे स्वयं के हैं एवं मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना, पढ़ा एवं लिखा जाए.

**Government of Madhya Pradesh**
**Public Health Engineering Department**

NIT No.01.02& 03/EE/PHED/2026-27/Satna Dated: 06.04.2026

Online percentage rate bids for the following are Invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria.

| NIT No | E-Tender No | Name of work | PAC (In Lakh) | EMD (Rupees) | Document Fees (Rupees) | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_PHED_497500_1 | Repairing (Major/minor) of Handpumps of Block Majhgawan of gram panchauats on the Right hand side of satna-Karbi Railway line (53 gram panchayats of Sub division Majhgawan dist-Satna (M.P) | 32.61 | 50000 | 5000 | 12 months |
| 02 | 2026_PHED_497507_1 | Repairing (Major/minor) of Handpumps of Block Majhgawan of gram panchauats on the Left- hand side of satna-Karbi Railway line (43 gram panchayats) of Sub division Majhgawan dist-Satna (M.P) | 28.77 | 50000 | 5000 | 12 months |
| 03 | 2026_PHED_497509_1 | Repairing (Major/minor) of Handpumps of Block Sohawal of sub division Majhgawan dist-Satna (M.P) | 57.04 | 57500 | 10000 | 12 months |

1. Interested Bidder can view the NIT on website http//www.mpteders.gov.in
2. Bid Document can be seen and downloaded from the website http://www.mptenders.gov.in Upto 18.04.2026 05:30 PM.
3. The bid can be submitted in electronic format on the website http://www.mptenders.gov in . The deadline for submission of the bid is up to 18.04.2026 05:30 PM
4. Amendments of NIT, if any, would be published on website http//www.mptenders.gov in only, and not in newspapers.

Executive Engineer
PHE Division Satna
mobile No. 8770013130

G11176/26